हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 15 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

जिले को मिली नई एम्बुलेंस जनता के लिए किया गया समर्पित
4



## खबर संक्षेप

### लखुर्री को बम्हनीडीह थाना में शामिल करने एसपी से लगाई फरियाद

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह से लगे ग्राम पंचायत लखुर्री को सारागांव थाना से हटाकर बम्हनीडीह में शामिल करने ग्रामीणों ने फरियाद लगाई है। ग्राम लखूरी वर्तमान में थाना सारागांव के अंतर्गत आता है, जिसकी दूरी यहाँ से लगभग 13 किलोमीटर है। इसके विपरीत, ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय बमनीडीह मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।ग्राम लखूरी से सारागांव जाने हेतु आवागमन के साधनों का पूर्णतः अभाव है। इस दूरी के कारण गाँव में आपराधिक गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। गाँव में शराबखोरी, गांजा का सेवन और सरकारी जमीनों पर बेजा कब्जा की समस्या विकट हो गई है। शराब पीकर राह चलते गाली-गलौज करना आम बात हो गई है। सारागांव थाना दूर होने के कारण पुलिस सहायता समय पर नहीं मिल पाती, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इस समस्या को लेकर प्रगतिशील किसान रामप्रकाश केशरवानी सहित ग्रामीणों ने एसपी से फरियाद लगाई है।

### शासकीय पीडीएस के संचालन के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत जांजगीर एसडीएम ने विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत लछनपुर एवं बिरगहनी (च) में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर ने बताया कि विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत लछनपुर एवं बिरगहनी (च) के समस्त स्व सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की बाइ लॉ की छायाप्रति के साथ 20 अप्रैल की शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### सामूहिक कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिस हेतु कन्या विवाह हेतु जिले के इच्छुक जाड़े से 20 अप्रैल तक आवेदन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना हेतु पात्रता की शर्तो अनुसार कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियों द्वारा इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। दस्तावेज में आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु पांचवी, आठवीं अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्ल करना अनिवार्य है। आवेदक संबंधित परियोजना कार्यालय में 20 अप्रैल सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### गाय के साथ आपत्तिजनक कृत्यः अधेड़ पुलिस के हवाले

**बम्हनीडीह ।** गाय के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने वाले अधेड़ को पकड़कर गौ सेवकों ने पुलिस के हवाले कर दिया। मामला बम्हनीडीह थाने का है।
इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पटेल मोहल्ले से सामने आए एक सनसनीखेज मामले ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, जहां एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर आवारा घूम रही गायों के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने का आरोप लगा है लगातार मिल रही शिकायतों के बाद गौ सेवकों ने रातभर निगरानी कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया।

---

### ठूंठ तक नहीं आते नजर, रास्ता बनाने हरियाली की चढ़ा रहे बलि

# कलेक्टोरेट मार्ग पर सुनियोजित ढंग से की जा रही हरे-भरे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के व्हीव्हीआईपी रोड कलेक्टोरेट मार्ग पर हरियाली उजाड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुनियोजित तरीके से पेड़ों की छंटनी और कटाई की जा रही है। इसके बाद तत्काल मिट्टी पाट दी जा रही है। जिससे ठूंठ तक दिखाई नहीं दे रहा। इस क्षेत्र के जमीन तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाने लगातार हरियाली की बलि चढाई जा रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में बमुश्किल 6 प्रतिशत वन परिक्षेत्र है। तत्कालीन अफसरों द्वारा पौधरोपण और संरक्षण के मद्देनजर कलेक्टोरेट मोड़ से पुलिस अधीक्षक निवास तक कलेक्टर बंगला से लगे क्षेत्र में बड़ी तादाद में पौधे लगाए गए थे। इसी के साथ सडक किनारे सरकारी जमीन पर तार का घेरा लगाकर पूरे मार्ग के किनारे पौधे लगाए गए। तकरीबन दो दशक पूर्व लगाए गए पौधे पूरी तरह से विकसित हो गए, लेकिन पिछले कुछ सालों से यहां के हरे भरे पेड़ पौधों को हरियाली के दुश्मन की नजर लग गई। स्थिति यह है कि ना जाने कब तारबंदी को गायब किया गया, इसके बाद पहले खेतों तक जाने के एकाध दो रास्ते बनाए गए फिर इसके बाद देखते ही देखते निर्माण कार्य शुरू होने लगा। इस दौरान सुनियोजित तरीके से हरे भरे पेड़ों की कटाई शुरू होने लगी और देखते ही देखते इस मार्ग पर दुकान, अस्पताल संचालित होने लगे। वर्तमान में कलेक्टोरेट मोड़ से पुलिस अधीक्षक निवास तक सडक के एक किनारे सरकारी जमीन पर लगे प्रतिबंधित अर्जुन के पेड़ सहित शीशम, नीम सहित अन्य पेड पौधों की कटाई निर्बाध गति से जारी है। काम ऐसे हो रहा है कि पेड़ों के ठूंठ तक नजर नहीं आते और निर्माण कार्य होते ही उक्त एरिया पहुंच मार्ग में तब्दील हो जाता है। वर्तमान में इस रोड़ पर हरियाली उजाड़कर बनाए गए संस्थानों के आजू बाजू में निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू हो रहा है। इसके साथ ही सुनियोजित तरीके से सरकारी जमीन पर लगे हरे भरे पेड़ों को काटकर रास्ता बनाने का काम होने लगा है। पहले भीतर हरे भरे पेड़ों की कटाई की जाती है, इसके बाद वहां बड़ी मात्रा में डालने और फिर सामने के पेड़ों की एक-एक करके छंटाई हो रही है। ऐसे में देखते ही देखते सामने की हरियाली एक एक करके पीछे की निजी जमीन और होने वाले निर्माण स्थल तक पहुंचने का मार्ग बन रहा है। देखा जाए तो पिछले वर्षो में यहां पर जो भूमि हरियाली नजर आती है, वह धीरे धीरे उजड़ने लगी है। समय रहते यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इस मार्ग का दूसरा किनारा भी उजाड़ हो जाएगा और हरे भरे पेड़ों की जगह सीमेंट, क्रांकीट के निर्माण कार्य ही नजर आएंगे।


कलेक्टोरेट मार्ग से की गई पेड़ की कटाई।

#### छह माह पहले जब्त हुए थे पेडों के ठूंठ

कलेक्टोरेट मार्ग से रात के अंधेरे में पेड़ की कटाई की जाती है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर छह माह पहले राजस्व और वन विभाग की टीम ने यहां से पेड़ का ठूंठ जब्त किया था। स्थानीय लोगों से मिली शिकायत के बाद तहसीलदार और वन विभाग की टीम शनिवार को मौके पर पहुंची। सड़क किनारे पेड़ का ठूंठ पड़ा हुआ था, जिसे जब्त किया गया था। आसपास के लोगों से पेड़ कटाई के संबंध में पूछताछ करने पर कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई। आशंका जताई जा रही है कि रात के अंधेरे में पेड़ों की कटाई की गई थी। इस मार्ग में रात के अंधेरे में ही पेडों की कटाई की जा रही है।

#### भेज रहे हैं टीम

कलेक्ट्रेट मार्ग पर हरे भरे पेड़ काटने को लेकर टीम भेजी जा रही है। साथ ही पेड़ों की गिनती भी कराई जा रही है। किसी तरह का मामला सामने आने पर नियमों के तहत कार्यवाही भी की जाएगी।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम, जांजगीर

---

# चावल खरीदी-बिक्री के नाम पर 1 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी

### पुलिस ने आरोपी को बिहार से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चावल खरीदी-बिक्री के नाम पर 1 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने बिहार से पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बांके बिहारी अग्रवाल प्रोपराइटर सुलोचना फूड, निवासी जांजगीर ने 12 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि चावल ब्रोकर अंजनी अग्रवाल के माध्यम से आरोपी से 900 क्विंटल चावल 2980 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का सौदा तय हुआ था। आरोपी ने ट्रक भाड़ा और अन्य खर्च के नाम पर अलग-अलग किस्तों में फोनपे और बैंक खाते के माध्यम से कुल 1 लाख 70 हजार रुपए ले लिए। रकम लेने के बाद आरोपी ने फर्जी बिल भेजा, लेकिन चावल की खेप नहीं भेजी और मोबाइल बंद कर फरार हो गया। इस तरह के मामलों में सबसे बड़ी चुनौती होती है निवेशकों का पैसा वापस दिलाना। यदि आरोपी ने रकम को कहीं निवेश या खर्च कर दिया है, तो रिकवरी बेहद कठिन हो जाती है। हालांकि पुलिस अब आरोपी के बैंक खातों, संपत्ति और उसके संपर्कों की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल था।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले की प्रभारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में कोतवाली और साइबर टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी का लोकेशन बिहार के अररिया जिले में मिला। इसके बाद सीएसपी योगिता बाली खापर्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम बिहार रवाना हुई और मालद्वार क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओम प्रकाश शर्मा निवासी बिहार के रूप में हुई है। आरोपी ने मोबाइल के जरिए चावल का सौदा तय कर पीड़ित से रकम ऐंठी और बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी में प्रयुक्त मोबाइल, बैंक खाता और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। धोखाधड़ी में उपयोग किए मोबाइल एवं बैंक खाता को आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, एएसआई मुकेश कुमार पांडेय, साइबर थाना के निरीक्षक सागर पाठक, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा और आरक्षक माखन साहू का विशेष योगदान रहा।

#### खास बात

- 9 सौ क्विंटल चावल 2980 के दर से किया गया था बिक्री का सौदा


पुलिस गिरप्त में आरोपी।

---

# धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार


पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के भाठापारा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि केरा रोड स्थित देशी शराब भट्टी के पास कुछ युवक धारदार हथियार लहराकर राहगीरों और स्थानीय लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने अभिषेक सोनवान पिता हेतराम सोनवान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 25, भाठापारा, जांजगीर एवं गौरव किरण पिता मनोहर किरण उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम घनवा, जांजगीर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 2 नग धारदार हथियार जब्त किए हैं। मामले में दोनों के विरुद्ध अलग-अलग आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों का यह कृत्य सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। जिले में लगातार ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर घूमते हैं या लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं। कोतवाली पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### आठ लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मालखरौदा।** पुलिस ने दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को आबकारी वृत्त मालखरौदा में दौरान गश्त मुखबिर द्वारा ग्राम भडोरा में सुनील कुमार लहरे पिता पीरीत राम उम्र 36 वर्ष के द्वारा अपने घर में महुआ शराब बेचने की सूचना मिली। मकान के कमरे से दो लीटर वाली 4 नग प्लास्टिक बॉटल प्रत्येक में 2-2 लीटर भरी कुल मात्रा 08 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

---

# शेयर ट्रेडिंग और अधिक मुनाफे का लालच देकर 50 करोड़ की ठगी, 100 से ज्यादा लोग शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



चांपा क्षेत्र में शेयर ट्रेडिंग और अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति द्वारा 100 से अधिक लोगों से लगभग 50 करोड़ रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिछले करीब 8 महीनों से फरार बताया जा रहा है, जबकि पीड़ित निवेशक अपनी जीवनभर की जमा पूंजी वापस पाने के लिए पुलिस और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार, पांडरीकला निवासी हरिशंकर गुप्ता ने चांपा के शांति विहार कॉलोनी में रहते हुए इस पूरे नेटवर्क की नींव रखी। उसने निवेशकों को यह भी भरोसा दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर कभी भी वापस किया जा सकता है। शुरूआती दौर में उसने कुछ लोगों को समय पर ब्याज और आंशिक रकम लौटाकर उनका विश्वास जीत लिया। शुरुआती निवेशकों को समय पर ब्याज देकर उसने इलाके में अपनी विश्वसनीयता बढ़ाई। जानकारी के अनुसार आरोपी ने 20 से 30 एजेंट तैयार किए थे, जो अलग-अलग मोहल्लों और गांवों में जाकर लोगों को निवेश के लिए प्रेरित करते थे। इस नेटवर्क का गणित बेहद सीधा था, निवेशकों से 3 प्रतिशत मासिक ब्याज का वादा 2 प्रतिशत निवेशकों को दिया जाता था। 1 प्रतिशत एजेंट अपने पास रखते थे। इस व्यवस्था से एजेंटों को भी लगातार कमाई होती रही, जिससे वे और अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित होते रहे। इस तरह यह नेटवर्क तेजी से फैलता गया। इस घोटाले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें केवल छोटे निवेशक ही नहीं, बल्कि कई बड़े व्यापारी और प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं। श्याम भारती फ्यूल्स के संचालक ने लगभग 4 करोड़ रुपये निवेश किए सुनील सराफ ने करीब 1.5 करोड़ रुपये लगाए निरंजन महाराज ने लगभग 1.25 करोड़ रुपये निवेश किया। मुकेश साहू ने करीब 2 करोड़ रुपये लगाए। घोटाले का पर्दाफाश तब हुआ जब पिछले कुछ महीनों से निवेशकों को ब्याज मिलना बंद हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले लगभग 8 महीनों से लापता है। ठगी के शिकार हुए लोगों ने चांपा थाने में पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

### डबल डील का खेलः पहले बिकी जमीन फिर बेची, महिला से 25 लाख की ठगी

**रायगढ़।** जमीन खरीदने के नाम पर एक महिला से 25 लाख रुपए से अधिक की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोपियों ने पहले ही बेची जा चुकी जमीन का दोबारा सौदा कर महिला को चूना लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नावापारा निवासी अंजनी नायक जमीन खरीदने की तलाश में थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्मण पटेल से हुई, जिसने उसे छोटे देवगांव स्थित एक जमीन दिखाई और भू.स्वामी के रूप में नूतन पटेल से मिलवाया। नूतन ने खुद को जमीन का मालिक बताते हुए दिसंबर 2024 में सौदा तय किया और एडवांस के तौर पर 22.50 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने रजिस्ट्री कराने में लगातार टालमटोल शुरू कर दी। 23 अक्टूबर 2025 को नया इकरारनामा बनवाकर केसीसी लोन का बहाना बनाया गया और 2.34 लाख रुपए और वसूल लिए। इस तरह कुल 25.14 लाख रुपए लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। मामले का खुलासा तब हुआ जब अंजनी नायक ने छोटे देवगांव के पटवारी से जानकारी ली। जांच में पता चला कि संबंधित जमीन के खसरा नंबर 112.05 की 0.550 हेक्टेयर और खसरा नंबर 111.08 की 0.087 हेक्टेयर भूमि को 5 अक्टूबर 2020 को ही बिक्री नकल के माध्यम से बेचा जा चुका था और उसकी विधिवत रजिस्ट्री भी हो चुकी थी। चौंकाने वाली बात यह रही कि उस पुरानी रजिस्ट्री में लक्ष्मण पटेल ही गवाह थाए जिससे साफ हो गया कि दोनों आरोपियों ने मिलीभगत कर साजिश के तहत पहले से बेची गई जमीन का दोबारा सौदा कर महिला से रकम ऐंठी।

### युवाओं को रोजागार देने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आई.टी.आई. जांजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि में प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है।

---

### स्टाफ के लोगों को आने जाने के दौरान होती है परेशानी

# सरकारी कार्यालय परिसर में वाहनों की अवैध पार्किंग, सफाई का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र परिसर के पास लोग वाहनो की पार्किंग कर दे रहे है। जिसके कारण आने जाने में परेशानी हो रही है। वही परिसर के पास सफाई की समुचित ब्यवस्था भी नही बन पा रही है। जिसके कारण स्टाप के लोगो को कई तरह की परेशानियो का सामना भी करना पड जा रहा है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद चाम्पा के थाना चौक के पास जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र के का संचालन किया जा रहा है। इस परिसर के पास लोग अवैध रूप से वाहनो की पार्किंग कर दे रहे है। जिसके कारण स्टाप के लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है। खास बात यह है कि परिसर में चार पहिया वाहन भी रखे गए है। इनमें अधिकारी को छोडकर बाकि वाहन अन्य लोगो के है। जो पार्किंग वाहन परिसर समझकर छोडकर चले जा रहे है। जिसके कारण स्टाप के लोगो को वाहन रखने को लेकर परेशानी हो रही है। इसे लेकर विभाग के द्वारा कई बार पालिका परिषद को अवगत कराया जा चुका है। इसके अलावा परिसर के पास कई लोग बडे पैमाने पर कचरो को लाकर फेक दे रहे है। जिसके कारण स्टाप के लोगो को कई तरह की परेशानियो का सामना भी करना पडता है। इसे लेकर जिम्मेदार पालिका प्रशासन के अफसर ध्यान तक नही दे रहे है। ऐसा भी नही कि परिसर के पास फैली गंदगी को लेकर पालिका प्रशासन को कोई जानकारी तक नही हो। इसके बाद भी इस ओर ध्यान तक नही दिया जा रहा है।


जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय के सामने बेतरतीब ढंग से खडे वाहन।

#### कराया गया है अवगत

कार्यालय परिसर के पास कई लोग अवैध रूप से वाहनो की पार्किंग कर दे रहे है। साथ ही साथ परिसर मे कचरा भी फेक रहे है। इस बात की जानकारी पालिका प्रशासन को भेज दी गई है।

-एक्जीवियर टोप्पो,
महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा

---

# छप्पर तोड़ने के दौरान बिगड़ा संतुलन, गिरकर चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

युवक अपने घर में छप्पर तोडने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगडा और गिरकर उसकी जान चली गई। घटना चांपा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बघौदा का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बघौदा निवासी रमेश कुमार बरेठ पिता सोहितराम बरेठ उम्र 44 वर्ष 12 अप्रैल की सुबह 8 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया घर स्वीकृत हुआ था। नए मकान के निर्माण के लिए वे अपने पुराने घर की छप्पर तोड़ने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक लकड़ी टूट गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके बाएं हाथ की कलाई, सीने की पसलियां टूट गईं तथा सिर में गंभीर चोट आई। घटना को देख परिजन और आसपास के लोग तुरंत उन्हें बीडीएम अस्पताल चांपा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चांपा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आगे की जांच जारी है। रमेश अपने पीछे एक 10 वर्षीय पुत्री और 4 वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं। अचानक हुई इस दुर्घटना से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। अब उनके भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी मां पर आ गई है।

## खबर संक्षेप

### संगीता बनी नगर निगम की विधिक सलाहकार



**कोरबा।** अधिवक्ता श्रीमती संगीता चौहान को नगर निगम का विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। श्रीमती संगीता चौहान को उनके सिविल और उपभोक्ता मामलों में अनुभव और विधिक क्षेत्र में मिल रही सफलताओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगीता चौहान ने बताया कि यह नियुक्ति उनके कार्यक्षेत्र में मिली उपलब्धियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे नगर निगम के मामलों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

### पीवीटीजी का मोबाइल एप से होगा सर्वे

**कोरबा।** जिले में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय के लगभग 1301 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 4754 है। इन परिवारों के समग्र विकास एवं जीवन स्तर में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पीवीटीजी बसाहटों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं (मोबाइल मेडिकल यूनिट), आंगनबाड़ी, मोबाइल टावर, बहुउद्देशीय केंद्र एवं छात्रावास जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शासन की मंशा है कि प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त हो तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

### जागृति महिला मंडल आयोजित की भाजी पकाओ प्रतिस्पर्धा

**कोरबा।** जागृति महिला मंडल ढेलवाडीह के द्वारा छत्तीसगढ़ की सबसे चर्चित और महंगी सब्जी बोहरा भाजी पकाओ प्रतिस्पर्धा का आयोजन रविवार को रखा गया। इस अनोखे प्रतिस्पर्धा बोहरा भाजी पकाओ मे महिलाओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। लगभग 20 महिलाओं ने भाजी बनाकर प्रस्तुत की। दो पुरुष और तीन महिलाओं की निर्णायक मंडल ने जायके का टेस्ट किया। अध्यक्ष श्रीमति गीतांजलि तिवारी, श्रीमति निशा पांडे, श्रीमति ज्योति दिवान, सुबोध तिवारी, घनश्याम पांडे प्रतिस्पर्धा में प्रथम, श्रीमती नीलिमा सेव द्वितीय, श्रीमति पांडे तृतीय अंजलि जयसवाल रही। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### सीएमडी दुहन ने गेवरा, दीपका कुसमुंडा खदानों का किया निरीक्षण

**कोरबा।** देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एसईसीएल ने अपनी कमर कस ली है। रविवार को एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा, दीपका और कुसमुंडा का दौरा किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के बावजूद कोयला उत्पादन और डिस्पैच (आपूर्ति) को निर्बाध बनाए रखना और आगामी मानसून के लिए पुख्ता तैयारी करना रहा। फ्लाईओवर से लेकर पार्किंग स्टैंड तक पैनी नजर रखी जाएगी।

दीपका क्षेत्र में सीएमडी ने तीनों मेगा प्रोजेक्ट्स के महाप्रबंधकों और विभाग प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान रोड सेल के माध्यम से होने वाले कोयला परिवहन में आ रही बाधाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने थाना चौक और निर्माणाधीन फ्लाईओवर का बारीकी से निरीक्षण किया। ट्रकों के लिए पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था का जायजा लिया ताकि शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और कोयला निकासी भी तेज हो सके। गेवरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने खदान के एग्जिट बैरियर और कोल इवैक्यूएशन रूट का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मार्ग से होने वाले डिस्पैच को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। कोल हैंडलिंग प्लांट और बेल्ट क्लीनिंग सिस्टम की कार्यक्षमता परखी गई। खदानों में 42 क्यूम और 16 क्यूम शॉवेल के कार्यक्षेत्र का जायजा लेते हुए डिपार्टमेंटल ओबी उत्पादन बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कुसमुंडा क्षेत्र में नीलकंठ पैच का निरीक्षण करते हुए सीएमडी ने उत्पादन गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही, गेवरा रोड-कुसमुंडा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरपास के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए इसे समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

# बांगो बांध के बकेट का ट्रीटमेंट करेगी दिल्ली की कंपनी

## मई के पहले सप्ताह में शुरू होगा काम, ठेकेदार ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध के बकेट ट्रीटमेंट की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि बकेट के ट्रीटमेंट के लिए दिल्ली की कंपनी को बुलाया गया है जिसके द्वारा आने वाले दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर पहाड़ियों के बीच में बांगो बांध का निर्माण किया गया है। जहां हर साल बांध के पानी से कोरबा, जांजगीर, चांपा, सक्ति, रायगढ़ सहित आसपास के जिलों के खेतों की प्यास बुझाई जाती है। साथ ही दर्जनों पावर प्लांट को भी बांगो बांध से संचालित होते हैं।

हसदेव बांगो बांध का निर्माण 1992 में पूर्ण हुआ था। बांध की जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। बारिश के दिनों में जब हाईडल प्लांट चलाने के बाद भी बांध का वाटर लेवल मेंटेन नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में बांध के गेट खोल कर पानी छोड़ दिया जाता है। बांध में कुल 11 गेट हैं। पानी छोड़ने और बारिश के समय बकेट का कांक्रीट कमजोर हो जाती है। इसी वजह से इसका ट्रीटमेंट करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। जहां स्वीकृति मिलने के बाद बांगो बांध का बकेट का जल संसाधन विभाग द्वारा ट्रीटमेंट कराए जाने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग में इसके लिए टेंडर बुलाया था और अब बांगो बांध के बकेट के ट्रीटमेंट का काम दिल्ली की अपार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड नामक कंपनी को दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि मई के पहले सप्ताह में अपार इंफ्रास्ट्रक्चर नामक ठेका कंपनी द्वारा बांगो बांध के बकेट का ट्रीटमेंट का काम शुरू कर देगी। इसके लिए जल संसाधन विभाग व ठेका कंपनी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि ट्रीटमेंट के बाद बकेट और मजबूत स्थिति में आ जाएगी।



### क्या होता है बकेट

जिले के हसदेव नदी पर स्थित मिनीमाता बांगो बांध का बकेट बांध के स्पिलवे के नीचे बना एक कंक्रीट ढांचा है, जो गेट से छोड़े गए पानी की ऊर्जा को कम करता है। यह संरचना तेज गति से गिरते पानी के प्रवाह को शांत करती है, जिससे बांध के निचले हिस्से (नींव) में मिट्टी के कटाव को रोका जा सके और बांध की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जब बांध का जलस्तर बढ़ता है और गेट से पानी छोड़ा जाता है, तो यह पानी अत्यधिक वेग से नीचे आता है। बकेट उस ऊर्जा को नष्ट कर देता है, अन्यथा वह बांध की नींव को नुकसान पहुँचा सकता है। आमतौर पर स्पिलवे के नीचे का एक ठोस कंक्रीट का हिस्सा होता है, जिसे विशेष रूप से पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए डिजाइन किया जाता है।

## कोरबा विकास समिति (रेल) की बैठक

# समिति ने कहा- बिना आंदोलन नहीं मिलेगा हक




रेल विकास समिति की बैठक में उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत, केबिनेट मंत्री लखन देवांगन एवं श्रमिक, उद्योग व व्यवसायिक संगठन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर टीपी नगर स्थित होटल महाराजा में कोरबा विकास समिति (रेल) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत विशेष रुप से उपस्थित रहीं। बैठक में उपस्थिजनों ने सर्वसम्मति से कोरबा में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर आंदोलन के रास्ते को अख्तियार करने का सुझाव दिया। सभी उपस्थित नागरिकों का एकस्वर में कहना था कि रेलवे कोरबा से राजस्व की कमाई तो करता है पर सुविधाओं की उपलब्धता के मामले में कोरबा की रेलवे द्वारा की जा रही उपेक्षा को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में तय किया गया 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे कोरबा विकास समिति (रेल) का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलकर कोरबा में रेल सुविधाओं से संबंधित अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही कलेक्टर से आग्रह करेगा कि कोरबा विकास समिति (रेल) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक कोरबा में ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कराया जाए। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छग शासन लखनलाल देवांगन सहित जिले के तीनों विधायक, कांग्रेस भाजपा के जिला अध्यक्ष, श्रमिक संगठन, समाजसेवी, व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग सम्मिलित होंगे। इस बैठक में रेलवे के अधिकारियों पर इस बात का पुरजोर दबाव बनाया जाएगा कि उनके द्वारा रेल सुविधाओं के मामले में कोरबा की उपेक्षा को अब कोरबा का आम नागरिक बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि रेलवे समय रहते नहीं चेतता है तो उसे उग्र आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे अधिकारियों की ही होगी। बैठक में सभी राजनीतिक दल, चेंबर आफ कामर्स, श्रमिक संगठन, समाजसेवी संगठन, भूविस्थापित संगठन, पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विपणन विभाग वापस लेगा उपार्जन केंद्रों में रखे 15 हजार बारदाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के बाद बचे हुए बारदानों को वापस लेने के संबंध में विपणन विभाग और जिला सहकारी बैंक के बीच लगातार पत्र व्यवहार के बाद आखिरकार विपणन विभाग ने बचे हुए सही सलामत बारदानों को वापस लेने का निर्णय लिया है। ऐसे वारदानों की संख्या 15 हजार के लगभग है।

धान खरीदी केन्द्रों में प्रति वर्ष विपणन विभाग के द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की आपूर्ति की जाती है। इस बार लगभग 7 लाख बारदाने सभी 65 उपार्जन केन्द्रों में पहुंचाए गए थे। तीन महीने तक चली खरीदी के दौरान वारदानों की संख्या कम होने की स्थिति पर पीडीएस की दुकानों से भी वारदानों को लेने की मजबूरी धान खरीदी करने वाली समितियों के सामने खड़ी हो गई थी। सहकारिता विभाग के बैंक द्वारा खाद्य विभाग के सहयोग से पीडीएस के बारदाने का उपयोग किया गया। इन बारदानों में कई बारदाने फटे हुए निकले। जो उपयोग करने लायक नहीं थे। इसे लेकर समिति प्रबंधकों ने भी खाद्य विभाग को अवगत कराया था। किन्तु फटे हुए बारदाने खाद्य विभाग ने भी वापस नहीं किए। 10 फरवरी तक चली खरीदी के बाद शेष बचे बारदानों को वापस लेने के लिए सहकारी बैंक के द्वारा विपणन विभाग को पत्र लिखा गया था।

# बसाहट सहित रोजगार की मांग को लेकर भठोरा फेस का काम ठप



धरना देते हुए एसईसीएल भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों का धैर्य आज जवाब दे गया पुनर्वास, बसाहट और रोजगार जैसी मूलभूत मांगों को लेकर ग्राम पंचायत के नेतृत्व में आज सुबह 7 बजे से ग्रामीणों ने भठोरा फेस का खदान बंद कर दिया है आंदोलन के कारण खदान में कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में जिला प्रशासन एसईसीएल प्रबंधन और ग्राम नराईबोध के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक में कई अहम समझौतों पर सहमति बनी थी लेकिन आज तक उन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। आंदोलनकारियों की मांग है जिसमें प्रभावित ग्रामीणों को उचित बसाहट स्थल और वहां नागरिक सुविधाएं प्रदान करना। पूर्व में छूटे हुए मकानों की जीपीएस के माध्यम से पारदर्शी नापी और उचित मुआवजा। समझौते के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनी में 70 प्रतिशत स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ रोजगार देना। बसाहट स्थल पर लंबित विकास कार्यों को तत्काल शुरू करना। ग्राम पंचायत नराईबोध के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल सांकेतिक विरोध नहीं है यदि प्रबंधन और प्रशासन तत्काल ठोस निर्णय नहीं लेते हैं तो 15 अप्रैल 2026 से खदान के समीप ही विशाल पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। पार्षद अमिला पटेल ने बताया कि प्रबंधन बार-बार केवल आश्वासन दिया है।

# आत्मानंद स्कूलों में शुल्क लागू करने का निर्णय गरीब विरोधी : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों पर 5 सौ वार्षिक शुल्क लगाए जाने के निर्णय का विरोध करते हुए इसे पूरी तरह गरीब विरोधी एवं जनविरोधी फैसला बताया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2019 से कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के गरीब, वंचित एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को उच्चस्तरीय अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के अंतर्गत आज प्रदेशभर में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम सहित लगभग 751 विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, गणवेश, पुस्तकें एवं अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती रही है। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश हेतु हमेशा से अधिक मांग रही है, जिसके चलते लॉटरी प्रणाली अपनाई जाती है। यह इस योजना की सफलता और जनता के भरोसे का प्रमाण है।



जयसिंह अग्रवाल

लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा शुल्क लागू करने का निर्णय इस सफल मॉडल को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हजारों ऐसे परिवार हैं, जिनके लिए 5 सौ रुपए वार्षिक शुल्क भी देना कठिन है। इससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से निकालने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मानंद विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता ही यह रही है कि यहां बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए तथा पूर्व की भांति आत्मानंद स्कूलों में पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था बहाल की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ही यह निर्णय वापस नहीं लेती है, तो कांग्रेस पार्टी अभिभावकों और छात्रों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** गायत्री परिवार की युवा संगठन दिया डिवाइन ग्रुप छत्तीसगढ़ के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को सुबह 11 से दोपहर 2 तक जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। समाज में सेवा संस्कार और विचार क्रांति के संदेश को आगे बढ़ाने, दिया डिवाइन ग्रुप के गतिविधियों के विस्तार के विषय में संकल्प और उद्देश्यों को पूर्णता तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित हुई। संगोष्ठी दिया छग प्रांतीय प्रतिनिधि हृदय प्रसाद साहू जांजगीर एवं सुशील कश्यप, विनोद कश्यप, डिवाइन ग्रुप संरक्षक गोलवती उईके, प्रांतीय दिया छ.ग सह संयोजक ओम प्रकाश बलभद्र की उपस्थिति में एवं कोरबा जिला संयोजक विजेंद्र यादव जिला सहसंयोजक तानसेन गुप्ता के नेतृत्व में सृजन चेतना संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र केवट ने किया।

# एडीआरएम पहुंचे कोरबा, कोल साइडिंग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे डीआरएम के प्रतिनिधि के रुप में पहुंचे एडीआरएम के. श्रीनिवास ने एसईसीएल के कोल साइडिंग के निरीक्षण के साथ स्टेशन परिसर और रनिग रुम का भी निरीक्षण किया। कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन से भी लंबी चर्चा की। इस दौरान कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन के कार्ययोजना की भी जानकारी ली गई। एडीआरएम के. श्रीनिवास अपने कोरबा प्रवास के दौरान रविवार देर शाम पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। सोमवार सुबह एडीआरएम के. श्रीनिवास निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और कार्यों में गति लाने के संबंध में निर्देश दिए एवं निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी बिंदुओं को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का भी अवलोकन किया। इसके अलावा लोको पायलट के रनिंग रुम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ सुविधाओं के संबंध में लोको पायलट से भी चर्चा की। स्टेशन परिसर के निरीक्षण पश्चात एडीआरएम के. श्रीनिवास सीधे सेकेण्ड एंट्री के समीप एसईसीएल की कोल साइडिंग को भी देखा। कोल साइडिंग की वजह से सेकेण्ड एंट्री का आम यात्रियों को लाभ नहीं मिलने की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस संबंध में एडीआरएम ने एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के एजीएम से भी लंबी चर्चा की और कोल साइडिंग को शिफ्ट करने की दिशा पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी एसईसीएल के एजीएम ने एडीआरएम के. श्रीनिवास को बताया कि शावेल का निर्माण कार्य चल रहा है और वह पूर्णता की ओर है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कोल साइडिंग को शिफ्ट कर दिया जाएगा। कोल साइडिंग के विषय पर रेलवे प्रबंधन ने पूर्व में भी एसईसीएल को पत्र लिखा था। संघर्ष समिति के सदस्य मिले एडीआरएम सेः एडीआरएम के. श्रीनिवास के प्रवास के दौरान रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी मुलाकात करते हुए रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के बार बार रद्द करने से रेल यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। रेल संघर्ष समिति ने एडीआरएम के. श्रीनिवास से बिलासपुर भोपाल पैसेंजर को कोरबा से चलाने एवं पूर्व में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को कोरबा से चलाए जाने की घोषणा को ध्यान में लाया। रेल संघर्ष समिति के द्वारा बिलासपुर से सुबह 9.30 बजे के बाद कोरबा के लिए कोई यात्री गाड़ी नहीं होने की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

# चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस कर्मी सहित एक अन्य मकान में चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने एक आरोपी व एक नाबालिक को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में एक ही गिरोह के सदस्यों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में फरार चल रहे आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पीपरपारा कोहड़िया निवासी हंसराज खाण्डे ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 1 से 6 अप्रैल तक अपने परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों द्वारा घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तथा आलमारी एवं गुल्लक में रखी नगदी रकम, लगभग 35 किलो चावल, एक गैस सिलेंडर एवं स्पाइस कंपनी का होम थियेटर चोरी कर लिया था। हंसराज की रिपोर्ट अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी तरह पोड़ीबहार निवासी अटल अमित बाघ पिता आमोस बाघ उम्र 45 साल ने थाना सिविल लाईन रामपुर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अप्रैल की शाम 6 बजे ग्लेडबिन कुमार के क्वा.नं. एनडी 12 सीएसईबी कॉलोनी में 8 अप्रैल को उसके पड़ोसियों ने बताया कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है ।

जॉंजगीर मार्केट
फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

## पारंपरिक खेलों के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के भी लगे स्टॉल

# बचपन की टिकट कार्यक्रम: महिलाओं ने खेल-खेल में फिर जिया बचपन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कबड्डी में भाग लेते हुए महिलाएं।

बचपन की टिकट–चलव दीदी खेल-खेले बर जाबो कार्यक्रम ने मातृशक्तियों को एक बार फिर उनके सुनहरे बचपन की यादों में लौटा दिया। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अशोक वाटिका में आयोजित इस भव्य आयोजन में 5 हजार महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पारंपरिक खेलों के माध्यम से अपने बचपन को फिर से जीया।

कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, उद्योग मंत्री लखन देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने किया। सखी-सहेली महिला समूह के तत्वावधान में आयोजित इस अनोखे कार्यक्रम में प्रवेश द्वार पर पंजीयन और टोकन वितरण की सुव्यवस्था की गई थी। अलग-अलग पंडालों में खेलों का आयोजन हुआ, जहां महिलाओं ने जमकर हिस्सा लिया। खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ और हौजी हर खेल ने बचपन की यादें ताजा कर दी। खेलों के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी विशेष आकर्षण रहा। यहां पारंपरिक खेलों के साथ महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। जलपान और स्वल्पाहार के लिए अलग- अलग स्टॉल लगाए गए थे , जहां महिलाओं और युवतियों की अच्छी खासी भीड़ नजर आयी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी भी खुद को रोक नहीं पाए और भावुक अंदाज़ में बोले आज तो ऐसा लग रहा है मानो कोरबा में बचपन ने फिर से एंट्री मार ली है। उम्र सिर्फ एक संख्या है, असली जोश तो दिल में होता है।कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि यह भव्य आयोजन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया, जिसका मूल उद्देश्य जिले भर की महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना था।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# बहुत दुख में हूं, शरीर चला गया पर आत्मा साथ रहेगी : बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन इस वक्त आशा भोसले के निधन से बुरी तरह टूट गए हैं और दर्द में हैं। उन्होंने आशा भोसले को याद करते हुए दिल चीर देने वाला पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि आशा जी का शरीर छोड़कर चला गया है, पर उनकी आत्मा हमेशा साथ रहेगी। अमिताभ और आशा जी का बहुत पुराना कनेक्शन था। उन्होंने यह भी लिखा कि इस वक्त वह गहरे शोक में हैं। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'दुख और शोक...एक पूरे युग का अंत हो गया। एक अविश्वसनीय, अद्भुत, विस्मयकारी और विलक्षण हस्ती, कल हमें छोड़कर चली गई। वह थीं महान आशा भोसले जी। मैं बहुत शोक में हूं।

लाइफ Style

# प्रियंका
## ये आवाज हमारी जिंदगी का हिस्सा थीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने दिवंगत सिंगर आशा भोसले को एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दिवंगत सिंगर के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा जिसमें उन्होंने आशा के संगीत जगत, कई पीढ़ियों और संस्कृति पर दिवंगत गायिका के बारे में बात की।

प्रियंका ने लिखा, 'कुछ नुकसान ऐसे होते हैं जो आपके बचपन, आपकी यादों, आपके घर का एक हिस्सा खोने जैसा महसूस कराते हैं। आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी, बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। यह हमारे बड़े होने के दौरान हमारे घरों में गूंजती थी, पारिवारिक समारोहों में, दिल टूटने के पलों में, खुशी के पलों में, उन शांत और शोर भरे पलों में जो हमारे एहसास होने से पहले ही यादें बन गए।' आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। प्रियंका चोपड़ा ने आगे लिखा है, 'मेरी पीढ़ी और उससे पहले और बाद की कई पीढ़ियों के लिए वह सिर्फ एक ऐसी महान हस्ती नहीं थीं जिनकी हम तारीफ करते थे, बल्कि वो हमेशा साथ थीं। एक ऐसी आवाज जो इतनी शाश्वत थी कि लगता था वह हमेशा हमारे साथ रहेगी। उन शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि किसी ऐसे व्यक्ति को खोने का क्या मतलब है, जिसकी कला ने पूरे देश के भावनात्मक परिदृश्य को आकार देने में मदद की हो।'



हॉलीवुड मसाला



# नशे की लत का इलाज करा रहीं सिंगर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने आपको एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। बताया जाता है कि वह अपने नशे की आदत का इलाज करा रही हैं। हाल ही में हुई गिरफ्तारी के बाद ब्रिटनी स्पीयर्स फिर सुर्खियों में हैं। नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सिंगर ने खुद को एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। ग्रैमी-विजेता गायिका का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उनके करीबी लोग उनकी सेहत को लेकर चिंता जता रहे थे। स्पीयर्स अपनी नशे की लत छुड़ाने का इलाज करवा रही हैं।




# ट्रूडो के साथ सड़क पर रोमांस करती दिखीं कैटी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कैलिफोर्निया के मशहूर म्यूजिक फेस्टिवल कोचेला में साथ में क्वालिटी टाइम बिताते देखा गया। दोनों के ये कैंडिड मोमेंट्स सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। कैटी पेरी ने कई फोटोज और वीडियोज शेयर किए, जिनमें वह और ट्रूडो हाथ पकड़कर चलते, साथ बैठकर रिलैक्स करते और म्यूजिक एंजॉय करते नजर आए। दोनों का लुक भी काफी सिंपल और कूल था। ट्रूडो जींस और सफेद टी-शर्ट में दिखे, जबकि कैटी सफेद शर्ट, शॉर्ट्स और ब्लैक कार्डिगन में नजर आईं। एक फोटो में दोनों स्नैक्स खाते और रेड सोलो कप से ड्रिंक लेते दिखे, तभी कैमरा फ्लैश से वे थोड़ा सरप्राइज भी हो गए। वहीं कुछ वीडियोज में ट्रूडो, कैटी के पीछे खड़े होकर म्यूजिक का मजा लेते नजर आए। कैटी पेरी ने जस्टिन बीबर के लिए अपनी पुरानी याद भी शेयर की।



# ऋषि के साथ शेयर की थ्रोबैक तस्वीर...

**मुंबई।** नीतू कपूर ने अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर के साथ सगाई की 47वीं सालगिरह पर एक प्यारी थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही नीतू ने एक खास नोट भी लिखा है। नीतू कपूर ने इंसटाग्राम स्टोरी पर ऋषि कपूर के साथ अपनी एक खास पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू और ऋषि दोनों बहुत खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों के चेहरों पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। नीतू ने इस थ्रोबैक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'आज ही के दिन 1979 में हमारी सगाई हुई थी।' नीतू और ऋषि कपूर की शादी 22 जनवरी 1980 को हुई थी। उस समय यह बॉलीवुड की सबसे महंगी और चर्चित शादियों में से एक थी। शादी में फिल्म इंडस्ट्री के बहुत सारे बड़े स्टार आए थे।



# क्वीन ऑफ क्वींस में आएंगी नजर...

**मुंबई।** अपने बेबाक अंदाज और शानदार अभिनय के लिए पहचानी जाने वालीं काजोल बड़े पर्दे के साथ-साथ अब ओटीटी पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। 'द ट्रायल' वेब सीरीज और 'मां' जैसी महिला प्रधान कहानियों का हिस्सा रहीं काजोल आगामी दिनों में अपनी नई फिल्म 'महारागिनः क्वीन ऑफ क्वींस' में एक बार फिर दमदार अवतार में नजर आएंगी। हाल ही में 90 के दशक की इस डीवा ने अपने कॅरियर, बॉक्स ऑफिस के दबाव, ओटीटी और अपने निजी विचारों को लेकर खुलकर बात की और कई सवालों के जवाब दिए। 'शुक्रवार का प्रेशर' उन सभी कलाकारों पर होता है, जिनकी फिल्में रिलीज होती हैं। लेकिन, जब शुक्रवार को मेरी फिल्म रिलीज होती है, तो मैं कोई तनाव नहीं लेती। म

टीवी मसाला



# अक्षय ने की अर्चना की खिंचाई हंस-हंसकर जमा कर ली संपत्ति

**नई दिल्ली।** 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का लेटेस्ट एपिसोड काफी धमाकेदार और मजेदार रहा। इसमें अक्षय कुमार ने अर्चना पूरन सिंह की खूब खिंचाई की और खुलासा किया कि हंस-हंसकर एक्ट्रेस ने कितनी संपत्ति जमा कर ली है। उन्होंने हर चीज को बढ़ा-चढ़ाकर बताया, जिससे दर्शक भी हंसने लगे। शो में सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव भी थे, जो अपनी फिल्म 'टोस्टर' को प्रमोट करने पहुंचे थे। उनकी भी हंसी छूट गई। दरअसल, अक्षय ने अर्चना के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में हंस-हंसकर कमाने पर तंज कसा था। अर्चना भी अक्षय कुमार की बातें सुनकर खुद को हंसने से रोक नहीं पाईं। इसका एक प्रोमो भी सामने आया है, जिसे सोनी टीवी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस पर फैंस के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पहले तो अर्चना सिंह की हंसी की तुलना 'शोले' के गब्बर से की और मजेदार कमेंट किया। वह बोले, '1975 में गब्बर सिंह था, जिसकी हंसी से बच्चों को डराकर सुलाया जाता था। और आज 2026 में अर्चना सिंह, जिनकी हंसी से बच्चे-बच्चे को नींद से उठाया जाता है।' फिर अक्षय ने बढ़ा-चढ़ाकर बताया कि आदमी को हंसने से क्या फायदा होता है और अर्चना ने हंस-हंसकर कितनी तगड़ी संपत्ति जमा कर ली है। वह बोले, 'मुंह पे हंसने से आदमी फंस जाता है, लेकिन आपने मुंह पर हंस-हंसकर जो कमाई की है।

## अभिषेक और प्रियंका में कहासुनी!

**नई दिल्ली।** अभिषेक मल्हान 'बैटलग्राउंड' के नए सीजन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रियंका चाहर चौधरी, जो टीवी शो 'नागिन 7' का हिस्सा हैं, कथित तौर पर रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए अभिषेक के साथ शामिल हो गई हैं।



प्रियंका द्वारा पहले अभिषेक को रोस्ट जाने के बाद दोनों के बीच ऑनलाइन विवाद हो गया। बिग बॉस ओटीटी फेम स्टार ने अब प्रियंका के कमेंट का जवाब दिया है और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिषेक मल्हान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, 'प्रियंका जी कह रही हैं कि रोस्ट करना आता होगा तो करेगा। मैंने कहा, 'इच्छाधारी नागिन जी, ये इच्छा भी आपकी पूरी कर देंगे, आप बैटलग्राउंड में मिलिए हमें।' प्रियंका चाहर चौधरी 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में अभिषेक मल्हान और राहुल चौधरी के साथ मेंटर के रूप में नजर आएंगी। इसके अलावा, अभिषेक बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में कंटेस्टेंट थे, जहां वे रनर-अप रहे, जबकि प्रियंका चाहर चौधरी ने बिग बॉस 16 में भाग लिया और टॉप तीन फाइनलिस्ट में से एक रहीं।

# आखिरी गाने के बदले में आशा ने मांगा था यह सामान

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर शमीर टंडन ने आशा भोसले को याद किया है। उन्होंने उनके निधन पर खास तरह से श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने उनकी कई खास बातें बताई हैं। इंस्टाग्राम पर शमीर टंडन ने आशा भोसले के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। एक में वह उनके साथ घर पर हैं, दूसरी में स्टूडियो में हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा 'कल पूरे दिन आपके घर पर आपके पास घंटों बिताने के बाद, आपको खामोश, फिर भी हमेशा की तरह मुस्कुराते हुए और चमकते हुए देखकर मुझे सुकून महसूस हो रहा है। आयरन लेडी आप ठीक वैसे ही हमें छोड़कर गईं जैसा आपने सोचा था।' टंडन ने आगे लिखा 'आशा आई, आप उसी जोश के साथ गाते हुए, हर रोज अपना रियाज करते हुए हमें छोड़कर गईं। आप मेरे लिए पोहा बनाते हुए, कॉफी बनाते हुए हमें छोड़कर गईं। आप अगली रिकॉर्डिंग, अगले कॉन्सर्ट, अगले स्टूडियो विजिट और प्लानिंग करते हुए हमें छोड़कर गईं।' उन्होंने लिखा 'आप मुझे यह कहकर गईं कि आप हमारे आखिरी, अभी तक रिलीज न हुए गाने के लिए एक भी पैसा नहीं चाहती। इसके बजाय, आप चाहती थीं कि मैं आपको एक बड़ी साड़ी की दुकान पर ले जाऊं और आपके लिए एक सुंदर साड़ी खरीदूं। आप ठीक वैसे ही गईं जैसा आपने हमेशा कहा था।'




## फूट-फूटकर रोए दलेर मेहंदी

इंडस्ट्री के लोग भी आशा भोसले के जाने से बहुत दुख में हैं। सिंगर दलेर मेहंदी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। वो आशा भोसले को याद कर रोने लगे। उन्होंने कहा, 'बहुत दुख हो रहा है आज। बहुत भारी दिन है ये। कभी सोचा नहीं था कि ऐसा दिन आएगा। रोते हुए आगे दलेर मेहंदी ने कहा, 'बचपन से ही, जब से होश संभाला है, तो एक बहुत बड़ा गाना आया था. सैंया ना डरो...वो गाना आरडीबर्मन का था। सब लोग बहुत दीवाने हो गए थे और जो लोग शास्त्रीय संगीत सुनते थे वो भी गाना सुनकर लोग दंग रह गए। इतनी सुरीली थीं...इतनी अच्छी थीं कि जब भी बात करो तो खुश होकर बात करती थीं।'

# एयरपोर्ट पर चेंकिंग लाइन तोड़ अंदर घुसीं करीना, लोगों का फूटा गुस्सा...

**मुंबई।** हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान को स्पॉट किया गया। लेकिन, इस दौरान अपनी एक हरकत की वजह से लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। करीना कपूर को लाइन तोड़कर आगे निकलते देख यूजर्स ने उनकी खूब आलोचना की है। कई लोगों ने इसे सेलिब्रिटीज को मिलने वाले खास ट्रीटमेंट का उदाहरण बताया और इसे अन्य यात्रियों के साथ अन्याय करार दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि करीना मुंबई एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकिंग की लंबी लाइन को छोड़कर सीधे आगे बढ़ जाती हैं। वे चेकिंग बूथ पर पहुंचकर



अपना पासपोर्ट और आईडी अधिकारी को दिखाती हैं और फिर अंदर चली जाती हैं। इस दौरान बाकी यात्री लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों की नाराजगी बढ़ गई.एक यूजर ने लिखा, 'करीना कपूर ने एयरपोर्ट पर लाइन तोड़ी और सीधे गेट की ओर बढ़ गईं। सेलिब्रिटीज को ऐसा करने की छूट क्यों है? उन्हें यह अधिकार किसने दिया? बाकी लोगों को भी फ्लाइट पकड़नी होती है, यह सबके साथ नाइंसाफी है।' दूसरे यूजर ने कहा कि एक साधारण लाइन भी समाज की सच्चाई दिखा देती है। उन्होंने लिखा कि यह दिखाता है कि कुछ लोग खुद को ऊंचा समझते हैं और बाकी को कमतर। कई लोगों ने सवाल किया कि आम आदमी को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, तो सेलिब्रिटीज को यह सुविधा क्यों? वहीं इस मामले में अभी तक करीना कपूर की तरफ से इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि हाल ही में करीना को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल मैच का मजा लेते देखा गया। उनके साथ पति सैफ अली खान और दोनों बेटे भी मौजूद थे. प्रोफेशनल मोर्चे पर करीना कपूर को साल 2024 में फिल्म 'क्रू' और 'सिंघम अगेन' में देखा गया था। अब वे 2026 में रिलीज होने वाली फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी।

# अभी न जाओ छोड़कर... गाकर ताई को किया विदा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

12 अप्रैल 2026 का दिन भारतीय संगीत के लिए बेहद दर्दनाक साबित हुआ। सुरों की मल्लिका आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके जाने से पूरा देश शोक में डूब गया- सेलेब्स से लेकर फैंस तक, हर कोई गमगीन नजर आया। 13 अप्रैल की शाम बेटे आनंद भोसले ने आशा के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई। आशा ताई अब पंचतत्व में विलीन हो चुकी हैं, लेकिन उनकी मधुर आवाज और यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।





## आशा को याद कर भावुक हुईं हेलेन

हेलेन को कैबरे क्वीन कहा जाता है, उनके अधिकर सभी गाने आशा भोसले ने ही गाए। वो अपने करियर में तरक्की का श्रेय हेलेन को देती हैं। आशा भोसले के पंचतत्व में विलीन होने के बाद हेलेन ने मीडिया से बात की और दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा- मैं जहां हूं उनकी वजह से हूं। अच्छा हुआ मैं रिटायर हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर मुझे सदमा लग गया था। भगवान उनकी खूबसूरत आत्मा को शांति दे।

## गाने गाकर दी श्रद्धांजलि

शान, सुदेश भोसले समेत कई गायकों ने गाने गाकर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

## पहुंचे कई सेलेब्स

शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास 'कासा ग्रांडे' में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।







## खबर संक्षेप

### वार्ड नंबर 3 में हितग्राही सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**अकलतरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, अकलतरा मंडल द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित सामुदायिक भवन में हितग्राही सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान करना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम को जिला महामंत्री नन्द चौधरी, मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलश्यान एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं आभार प्रदर्शन युवा मोर्चा महामंत्री संजू सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर महामंत्री गोवर्धन साहू, महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं वार्ड पार्षद सुनीता सिंह, पूर्व पार्षद राजेश्वर मरकाम, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, युवा मोर्चा महामंत्री आशीष कैवर्त, उपाध्यक्ष फियांशु वैष्णव, कोषाध्यक्ष वेदांत सिंह सहित सुनील साहू, आलोक अग्रवाल, करन जायसवाल ,शुभम श्रीवास, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महंगाई भत्ता में वृद्धि का पेंशनधारियों ने किया स्वागत



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय कार्यालय पेंशनर भवन बलौदा रोड में मासिक बैठक का आयोजन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर एवं प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने बताया कि राज्य सरकार से महंगाई भत्ता में वृद्धि की लगातार मांग करते रहने के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार के द्वारा पेंशनरों को 8 अप्रैल 2026 को महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 58 प्रितशत दिए जाने की घोषणा कर दी गई है साथ ही 13 अप्रैल को सभी पेंशनरों के खाते में 3 प्रतिशत एरियर्स की राशि भी जमा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इसी तरह राज्य भर के समस्त पेंशनधारी एकजुट होकर प्रयास एवं परिश्रम करते रहे तो पेंशनधारीयों के मार्ग में आने वाले समस्त बधाओ को दूर कर एक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। बैठक के दौरान तहसील शाखा अकलतरा के अध्यक्ष इंद्रमण प्रसाद मरकाम, कोषाध्यक्ष भगवत लाल बंजारे, तहसील शाखा पाली कोरबा, बलौदा, पामगढ़, बिलासपुर एवं अन्य स्थानों से आए पेंशनर सदस्यों ने प्रांत अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर एवं प्रांत महासचिव रतनलाल कैवर्त क तिलक, पुष्प माला, साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान अप्रैल माह में जन्मदिन वाले सदस्य सोमनाथ सोनी एवं आनंद राम कंवर का साल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं अप्रैल माह में दिवंगत स्व. रामजी साहू सांकर ,स्व. श्रीमती कमलाबाई रात्रे मुरलीडीह स्व. सौमित्र देव भिलाई को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पेंशनर सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बिना अनुमति सूने घर में घुसकर दीवार तोड़कर अवैध निर्माण करना निंदनीय कृत्य : सराफ

**चांपा।** ओम सिटी चांपा निवासी जगदीश प्रसाद सराफ ने आरोप लगाया हैं कि अपने स्वयं के



मकान वार्ड नंबर 06 में बिना अनुमति उनके पड़ोसी ने सूने घर में दीवार को तोड़कर नया दीवार का निर्माण कर लिया हैं । उन्होंने पत्रकारों को सिलसिलेवार तरीके से बताया कि इस कार्य में संलग्न लेबर और मिस्त्री लगाकर उनके घर में ऊपर से घुसकर और दीवार तोड़कर अवैध निर्माण कार्य किया गया हैं। सराफ ने बताया कि उनके घर के निचले तल पर दरवाजे में ताला लगा हुआ था , लेकिन निर्माण कार्य करने वालों ने ऊपर से प्रवेश किए। उन्होंने बताया कि पूर्व में भूमि शीट नंबर 05 सी प्लाट नंबर 03 क्षेत्रफल 215 वर्गमीटर नजूल में उनके नाम जगदीश प्रसाद सराफ पिता स्वर्गीय लोचन प्रसाद सराफ वार्ड नंबर 06 सी सोनारपारा चांपा का प्रापर्टी टैक्स नगर पालिका परिषद चांपा में जमा किया गया हैं। सराफ ने मांग की हैं कि उनके मकान में बिना अनुमति घुसकर बैगर नगर पालिका परिषद चांपा के अनुमति के किये गए दीवार निर्माण को तोड़कर यथास्थिति बनाते हुए उचित कार्यवाही की जाए। सराफ ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस थाना और नपा चांपा में की और अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई। जगदीश सराफ ने आरोप लगाया कि उनके साथ लंबे तरीके से पारिवारिक विवाद चला रहा हैं, अपने पैतृक घर से निकाले जाने के बाद अब पड़ोसी उनके साथ ज्यादातयी कर रहे हैं। बिना अनुमति उनके सूने पैतृक घर में घुसकर और दीवार तोड़कर अवैध निर्माण कार्य करना न केवल न्याय के विरुद्ध हैं बल्कि स्वर्णकार समाज के लिए एक बड़ा संकल्प लेने और सही दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया हैं। पिता के साथ इंजीनियर पुत्र विनय सराफ ने इस मामले की शिकायत चांपा थाने में शिकायत दर्ज कराई हैं।

नगर कांग्रेस कमेटी ने भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# भारत उत्थान के लिए बाबा साहब ने अपना जीवन कर दिया समर्पित : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135 वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर चौक में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने देश को एक सशक्त संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय प्रदान करता है।

उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन भर संघर्ष किया और उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। बाबा साहब के प्रयास के कारण ही आधुनिक भारत में शोषित वर्ग के लोगों एवं महिलाओं को सभी क्षेत्र में समानता का अधिकार प्राप्त हो सका है। बाबा साहब के योगदान के लिए भारतवर्ष में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मंजू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि बचपन से ही विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए बाबासाहेब ने अपने ज्ञान का लोहा पूरे विश्व में मनवाया।उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम को दिवाकर राणा ,खुलन सोनवानी,भविष्य चंद्राकार, संतोष सिंह, अंकित सिसोदिया एवं अविनाश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। कार्यक्रम में मदन सिंह बैंस, राजकुमार सिंह, राजकुमार राठी, विजय खंडेल, अविनाश लाटा, अब्दुल मोईद खान, इरशाद बाबा,छतराम साहू, पुष्पेंद्र साहू,मुनीलाल टंडन, जयदीप सिंह,नरेश राय,अभिजीत सोनवानी, अमन सोनवानी, दीप पाटले, आयफाज मेमन एवं कासीम खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।



भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते विधायक राघवेन्द्र सिंह के साथ कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को किया याद

**हसौद।** भारत ही नहीं विश्व के गौरव विश्वरत्न शिक्षा संघर्ष सम्मान स्वाभिमान सौहार्द के प्रतीक विश्व के महान विद्वान उच्च कोटि के लेखक ,कानून के रचनाकार भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 वीं जन्मजयंती के अवसर पर ओमप्रकाश बर्मन मण्डल अध्यक्ष मंडल कांग्रेस कमेटी हसौद के नेतृत्व में विश्राम गृह हसौद में पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेंद्र भार्गव प्रदेश सचिव छ.ग. कांग्रेस ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब भारत में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर महान व्यक्तित्व के धनी है। बाबा साहब द्वारा सर्व समाज को



समान अधिकार दिलाया गया। कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए सतीश महेश विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब ने समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूत किया । कमजोर वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया ।इस अवसर पर भगवानदीन भारद्वाज कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद,सूरज बंजारे कार्य . अध्यक्ष युवा कांग्रेस जैजैपुर, कौशिक चंद्रा अध्यक्ष युवा कांग्रेस हसौद, हरिलाल खटर्जी उपाध्यक्ष हसौद ब्लॉक , आनंद नायक, संजय, दादूराम सोनवानी ,शिव भोला रात्रे, भुपेश मनहर, किशन रात्रें, किशन रत्नाकर, ओमप्रकाश रात्रे, कुंदन लहरें , प्रेम धीरहे एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संजय कोशले सचिव ब्लॉक कांग्रेस हसौद ने किया।

### भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर नगर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**सक्ती।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम नगर के स्टेशन रोड नाका चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थल पर संपन्न हुआ। सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी वहां एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं संविधान निर्माता के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर, महबूब खान, नितेश गबेल,गिरधर जायसवाल, नरेश गेवाडिन, ओंकार, ताहिर खान, सम्सतमरेज खान, संतोष सोनी (लाल), पीयूष राय, श्याम कुमार सोनी, कालू रघुनाथ, सादेश्वर गबेल , सम्मेलाल गबेल रामप्यारे, शफीक खान, रिजवान कुरैशी, सुभाष देवांगन, साजिद खान, जिवेंद्र राठौर, विजय बहादुर, भुरू अग्रवाल, राकेश गबेल, परमेश्वर जायसवाल, घनश्याम देवांगन, चंद्र कुमार , सुरेश डेंसिल ,विजय जायसवाल, विशाल सरपंच , मनोहर खुंटे, भगवान दास, रविंद्र राठौर, राशिद खान, शैलेंद्र आजगल्ले, नरेंद्र प्रताप सिंह, अनिल देवांगन, रुखसाना खान, सुकमत डेसिल, सावित्री बंजारे, सुमित्रा बंजारे, राम कुमारी, सरिता बाई, सुनीता मिरी, काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने न केवल देश को एक सशक्त संविधान दिया, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त किया। आज के समय में उनके बताए समानता और बंधुत्व के आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान को मिल रहा जनसमर्थन, घर-घर पहुंच रहे गौ सेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

भारत वर्ष में गौ हत्या समाप्त करने व गौ माता को राष्ट्र स्तरीय सम्मान दिलाने गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को बड़ा जनसमर्थन भी मिल रहा। गौ सेवकों द्वारा घर घर पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत 27 अप्रैल को पूरे भारत वर्ष की प्रत्येक तहसील में "गौ सम्मान आह्वान अभियान" का आयोजन किया जाएगा। यह पहला ऐसा अभियान है जिसमें देश की लगभग 5000 से अधिक तहसीलों से एक साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाकर आमजन का समर्थन भी एकत्रित किया जाएगा, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में गोहत्या को पूर्णतः समाप्त करना, पामगढ़ क्षेत्र में इस पवित्र अभियान का व्यापक स्तर पर नगर-नगर एवं गांव-गांव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी गौ सेवकों द्वारा आम जनता से अपील की जा



रही है कि वे 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी "मां" के सम्मान में इस अभियान का हिस्सा बनें। गौ माता को "राष्ट्र माता" का दर्जा दिलाना तथा अभियान की प्रमुख मांगें जिसमें गोहत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाने,गौ माता को "राष्ट्र माता" का दर्जा प्रदान करने एवं गौ सेवा एवं गौ रक्षा के लिए सख्त और प्रभावी कानून व सड़कों पर बेसहारा गौवंश के लिए स्थायी एवं उचित व्यवस्था की जाने की प्रमुख मांग है। इस अभियान को लेकर राहौद नगर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसमें गौ सेवक साहिल यादव, शुशांक शर्मा, जस्सू डहरिया, मुकेश कश्यप, राहुल कश्यप, अनमोल योगी, रोहन यादव, हिमांशु साहू, रोशन साहू हिमांशु पटेल पंकज साहू सहित अन्य गौ सेवक, कार्यकर्ता पूरे क्षेत्र में सक्रिय रूप से जनजागरूकता फैलाने में जुटे हुए हैं।

### हीरागढ़ में पंचकुण्डीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 से

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम हीरागढ़ (टूरी) में आगामी 24 से 30 अप्रैल तक पंचकुण्डीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन के पं. पुण्डरीकाचार्य वंदेनी महाराज श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। वहीं डॉ. रायाचार्य महाराज अयोध्या तथा डॉ. धन्वाचार्य महाराज का भी सान्निध्य प्राप्त होगा, जिनके मार्गदर्शन में महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन के प्रथम दिन 24 अप्रैल को सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद प्रतिदिन कथा प्रवचन, भजन-कीर्तन और यज्ञ-हवन का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 30 अप्रैल को पूर्णाहुति, पूजन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

## जनगणना प्रगणक में ड्यूटी लगाए जाने का लिपिकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- छः ग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

नगर पालिका चाम्पा में जनगणना के लिए लिपिको की ड्यूटी प्रगणक के रूप मे लगायी गयी है। ज्ञात हो कि जनगणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाना है, जिसके लिए जनगणना की ड्यूटी विद्यालयों के कर्मचारियों की लगायी गयी है।

शासन द्वारा नियमानुसार प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के सहायक शिक्षकों व शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक के रूप मे लगायी जानी है। इस नियम का पालन जिले में सभी तहसील अंतर्गत भी किया जा रहा है किन्तु नगर पालिका चाम्पा में अलग ही नियम देखने को मिला है। शहर के कई शिक्षकों का नाम जनगणना कार्य हेतु ट्रेनिंग आदेश में नदारद है और शहर के डी डी ओ प्राप्त संस्थाओ के सभी लिपिको की ड्यूटी प्रगणक के रूप में लगा दी गयी है। छः ग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष कौशलेश सिंह क्षत्री के नेतृत्व मे नगर के सभी लिपिको ने ट्रेनिंग सेंटर मे नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम संजीवनी सोनवानी से भेंट कर ज्ञापन सौपा। कौशलेश सिंह क्षत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी नियम मे प्राथमिक व मिडिल स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक के रूप मे लगायी जानी है। पूरे प्रदेश मे सभी तहसीलो मे भी इसी नियम के तहत प्रगणक की ड्यूटी लगायी जा रही है किन्तु नगरपालिका चाम्पा में नियम को दरकिनार क़र लिपिको की ड्यूटी लगा दी गयी है। नगर स्थित कई स्कूलो के शिक्षकों का नाम उक्त ड्यूटी आदेश में नहीं है। संघ के जिलाध्यक्ष विशाल वैभव ने कहा कि समय रहते जनगणना आदेश में संशोधन नहीं होता है तो कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जाएगी। ज्ञापन सौपने वालों में कौशलेश सिंह क्षत्री के साथ जितेंद्र साहू, कमलेश कुमार शुक्ला, कृष्णा यादव, चंद्र प्रकाश यादव, श्रीमती कविता कांत, श्रीमती सीता देवी, संतोष यादव, उदित नारायण कंवर सहित बड़ी संख्या में लिपिक उपस्थित रहे।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

## मधुवा में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न

**अकलतरा।** गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ आयोजन के अंतर्गत ग्राम मधुवा के अनेक श्रद्धालु परिजनों के घरों में एक साथ यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हुआ।

कार्यक्रम से जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। ग्राम मधुवा के जोधराम साहू,कालेश्वर साहू,युगलकिशोर साहू, पदुम विश्वकर्मा, धनंजय यादव, संतोष पांडे,चंद्रभान साहू, रामकुमार साहू, अशोक दुबे,अंशु सिंह, सनद साहू, सुरेश साहू, देवनारायण सिदार, डंकेश्वर साहू, रामबीशुन साहू, रथराम केवट, देवी प्रसाद साहू, दशरथ यादव, परमानंद साहू, छोटका साहू, कन्हैया साहू, उमेन्द राम साहू, सरद सिंह,संतोष साहू,रामकिशन साहू के घर में यह आयोजन किया गया। महेश्वर कश्यप, जोधराम साहू,कालेश्वर साहू, दीपक साहू, भुलाऊ राम साहू, रमाकांत पटेल, धनंजय श्रीवास, हरिशंकर वर्मा, जग्गूराम सिदार, माखन लाल साहू, अमित राठौर, कविता कश्यप, रुक्मिणी साहू, सरिता साहू, मनीषा यादव, रामानुज श्याम, पूरन चौहान, त्रियुगी पटेल, घनश्याम पाटनवार, डंकेश्वर साहू के द्वारा यज्ञ आचार्य के रूप में गृहे गृहे महायज्ञ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित यज्ञाचार्यों ने विधिवत मंत्रोच्चार एवं आहुतियों के माध्यम से यज्ञ सम्पन्न कराया तथा इसके लाभ के बारे में अवगत कराया।

# जिले को मिली नई एम्बुलेंस, जनता के लिए किया गया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- सांसद ने 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को सक्ती जिले को 108 एम्बुलेंस की सौगात मिली। सांसद कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल, सीएमएचओ पूजा अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एम्बुलेंस के सामने दीप प्रज्वलित कर आरती की गई एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया।

जिले को मिली नई एम्बुलेंस सेवाओं को जनता के लिए समर्पित किया गया। सांसद कमलेश जांगड़े ने सक्ती जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनहितैषी कार्य करते हुए लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि सक्ती जिले को 7 नई 108 एम्बुलेंस मिलने से जिले के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है और क्षेत्र के लोग किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर तत्काल एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, ऋषि गोयल, भवानी तिवारी, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, रामसिंग सिदार, रघुनंदन राठौर, सेवती साहू, सुशीला गबेल, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, नगरपालिका उपाध्यक्ष भारत यादव, पार्षद गण गजेन्द्र यादव, गोविंदा निराला, अनिता गोपाल, मनोज सोनी, सुरेश साहू, विनोद पाण्डेय, मनोज सिसोदिया, भगत शर्मा, दादू केवट, गजेंद्र राठौर, लाखन नामदेव, अनुराग विश्वकर्मा, परमेश्वर साहू, आदित्य अग्रवाल, पिंटू सिंघल, विजय जांगड़े, पुरुषोत्तम खूंटे, प्रेम शंकर गबेल, वेद प्रकाश सहित अनेक जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

ग्राम पंचायत बोईरडीह में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

# प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का होना चाहिए ज्ञान : शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम बोईरडीह में मंगलवार 14 अप्रैल को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे उपस्थित रहे।

न्यायाधीश श्री शिवहरे ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव, वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया के खतरों के प्रति आगाह किया। न्यायाधीश श्री शिवहरे ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास और टोनही प्रताड़ना जैसे कृत्यों को गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने और बिना लाइसेंस वाहन न चलाने पर जोर दिया ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए शासन की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध है, ताकि कोई भी व्यक्ति गरीबी के कारण न्याय से वंचित न रहे। न्यायाधीश ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 'लोक अदालत' को सबसे सुगम माध्यम बताया। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे आपसी छोटे-मोटे विवादों को राजीनामे और समझौते के माध्यम से सुलझाएं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। कानून की अनभिज्ञता दंड से नहीं बचा सकती, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ज्ञान होना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में सरपंच श्रीमति अमृत बाई कुर्रे एवं कोर्ट स्टाफ जयनारायण देवांगन, पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान सीधे न्यायाधीश से संवाद कर किया।



जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित ग्रीणों को जानकारी देते न्यायाधीश।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411